आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 17.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत के माँ वाराही धाम में नवनिर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में विभिन्न क्षतिग्रस्त सड़कों और मोटर मार्गों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।
- हरिद्वार में डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन सर्तक, आम जनमानस से साफ–सफाई रखने का आह्वान।
- और.. चम्पावत में 13 दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव–2026 का हर्षोल्लास के साथ समापन।

..............................................................................................

माँ वाराही धाम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि माँ वाराही धाम केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने चंपावत के देवीधुरा स्थित मंदिर के नवनिर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण के दौरान ये बात कही।

उन्होंने कहा कि धाम का विकास इसकी पौराणिक गरिमा एवं मूल स्वरूप को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ आध्यात्मिक अनुभूति भी प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि माँ वाराही धाम आने वाले समय में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

गौरतलब है कि लगभग 15 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से मंदिर के भव्य नवनिर्माण कार्य को चार खाम सात थोक और माँ वाराही शक्तिपीठ ट्रस्ट द्वारा आगामी दो से तीन वर्षों में पूर्ण किया जाएगा।

इस बीच मुख्यमंत्री ने देवीधुरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के अंतर्गत आयोजित जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

...............................................................................................

<u>सीबीएसई</u>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सी बी एस ई ने पहली जुलाई से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया है। बोर्ड ने एक वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय विद्यालय शिक्षा पाठ्यक्रम 2023 के अनुरूप इन तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारतीय मूल की भाषाएं होनी चाहिए। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि कक्षा दसवीं में तीसरी भाषा–आर–थ्री के लिए कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी और आर–थ्री के लिए सारा मूल्यांकन पूरी तरह से विद्यालय आधारित और आंतरिक होगा।

...............................................................................................

सीएम शुभकामनाएं

व्हीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हल्द्वानी की छात्रा अरीना रघुवंशी से दूरभाष पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रघुवंशी की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।

...............................................................................................

<u>निरीक्षण/निर्देश</u>

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कल मसूरी में विभिन्न क्षतिग्रस्त सड़कों और मोटर मार्गों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंढौर बाजार में भू–धंसाव प्रभावित क्षेत्र का भी जायजा लिया। श्री जोशी ने कहा कि लंढौर बाजार क्षेत्र में करीब 26 लाख रुपये की लागत से मार्ग के सुधारीकरण का कार्य कराया जाएगा। वहीं मोतीलाल नेहरू मार्ग और मॉल रोड की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए भी लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों को राहत मिल सके।

इस दौरान गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण संबंधी आह्वान का उल्लेख करते हुए लोगों से पेट्रोल और डीजल की बचत में सहयोग करने की अपील की।

कैबिनेट मंत्री ने उप जिला चिकित्सालय मसूरी का निरीक्षण कर कर्मचारियों की कमी पर चिंता जताई और अधिकारियों को अस्पताल में आवश्यक नियुक्तियां जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

...............................................................................................

औचक निरीक्षण

पौड़ी की ज़िलाधिकारी स्वाति. एस. भदौरिया के निर्देश पर उपज़िलाधिकारी सतपुली रेखा आर्य ने क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं मिले और व्यवस्थाओं में खामियां पाई गईं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रीठाखाल में तीन कर्मचारियों में से केवल फार्मासिस्ट मौजूद मिले, जबकि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और एएनएम अनुपस्थित पाए गए। वहीं पीएचसी संगलाकोटी में भी प्रभारी चिकित्सक और फार्मासिस्ट ड्यूटी पर नहीं मिले तथा पेयजल व्यवस्था बाधित पाई गई।

पीएचसी पोखड़ा में एक चिकित्सक समेत आर.बी.एस.के टीम अनुपस्थित मिली। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारी क्षेत्र भ्रमण रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं कर सके। वहीं रीठाखाल आयुष विंग में दोनों कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए और बायोमेट्रिक मशीन बंद मिली।

एसडीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजी जाएगी, ताकि संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

………………………………………………………………………………

डेंगू

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डेंगू के नियंत्रण और रोकथाम के लिए हरिद्वार जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि डेंगू के प्रकोप से लोगो की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, जिला पंचायत, पंचायतीराज, खंड विकास अधिकारियों, शिक्षा विभाग एवं बाल विकास विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक स्तर पर डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही करने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सा अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी को डेंगू जांच की पर्याप्त व्यवस्था, मरीजों के लिए समुचित वार्ड, ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की पर्याप्त उपलब्धता तथा आवश्यक दवाइयों का अग्रिम भंडारण करने के भी निर्देश दिए।

डेंगू की रोकथाम के लिए आमजन से घर और आसपास के परिसर की सफाई के लिए आह्वान किया गया ताकि डेंगू के मच्छरों के पनपने की संभावना को समाप्त किया जा सके।

.........................................................................................

समापन

चम्पावत में 13 दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव–2026 का कल हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चम्पावत को देश का सर्वश्रेष्ठ और आदर्श जिला बनाना राज्य सरकार का विकल्प रहित संकल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोल्ज्यू महोत्सव प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक कला और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं।

मुख्यमंत्री ने महोत्सव में स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और पारंपरिक व्यंजनों को नई पहचान मिली है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चम्पावत में धार्मिक पर्यटन और आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। गोल्ज्यू कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर, सड़क चौड़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

.........................................................................................

हैलो हेल्प पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की पहल "हैलो हेल्प पिथौरागढ़" को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। शुक्रवार को शुरू किए गए इस शिकायत निवारण प्लेटफॉर्म पर पहले ही दिन 57 शिकायतें दर्ज की गईं।

.........................................................................................

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री धामी के हवाले से लिखता है– विपक्ष को एफआईआर से नहीं बल्कि पारदर्शी प्रक्रिया से है परेशानी...

सांसद अनिल बलूनी के हवाले से हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– बरसात से पहले सड़क के काम पूरे किए जाएं, पौड़ी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में दिए जरूरी निर्देश।

एक सप्ताह में होगी शिक्षकों की तैनाती– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला खबर में लिखता है– शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करने के लिए दिए निर्देश।

सीबीएसई के छात्र–छात्राएं घर बैठे देख सकेंगे अपनी कॉपी– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र खबर में लिखता है– केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुरू की नई व्यवस्था, 19 मई से प्रारंभ होगी प्रक्रिया।

नीट यूजी पेपर लीक की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– एनटीए के वरिष्ठ अधिकारी निशाने पर, पेपर लीक कराने वाली दूसरी लेक्चरर भी गिरफ्तार।

……………………………………………………………………………………